अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक–24.07.2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, कटिहार अंतर्गत विभिन्न पथों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिये गये:–

उपस्थित पदाधिकारी:–

(1) ई0 इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ

(2) श्री वासुदेव नन्दन, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कटिहार

(3) श्री राजीव कुमार, सहायक अभियंता,(अनु0), संविदा, पथ अंचल, पूर्णियाँ

(4) श्री सुशील कुमार, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, कटिहार

(5) श्री फौजेल अहमद, कनीय अभियंता

(6) संवेदक प्रतिनिधि

1. **कुरूमगायघट्टा भाया बलिया बेलौन सालमारी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य:–** उक्त पथ की लंबाई 38.00 कि0 मी0, पथ की चौड़ाई 3.50 एवं 3.75 मी0 है, जिसे 5.5 मी0 किया जा रहा है। इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 5053(एस), दिनांक– 22.08.2023 द्वारा रू0 10781.39 लाख मात्र के लिए प्रदान की गई है। यह कार्य EPC प्रणाली के तहत किया जा रहा है। एकरारनामा की राशि 8051.00 लाख मात्र है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 09.06.2024 एवं समाप्ति की तिथि 08.06.2024 निर्धारित है।

   कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कटिहार द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि संवेदक द्वारा Design & Drawing समर्पित नहीं किया गया है, जिसे शीघ्र समर्पित करने का निदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा संवेदक प्रतिनिधि को दिया गया। Site Offices(minimum 1000 sqft) well furnished, well functional laboratory setup Schedule C (facilities) के अनुसार करने का निर्देश निरीक्षण के दौरान दिया गया।

2. **कुरूम हाट बजरगॉव पथ:–** उक्त पथ की लंबाई 10 कि0 मी0, पथ की चौड़ाई 3.75 मी0 है। इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 5028(एस), दिनांक– 02.09.2020 द्वारा रू0 3875.38 लाख मात्र के लिए प्रदान की गई है। एकरारनामा की राशि 3057.09 लाख मात्र है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 15.06.2021 एवं समाप्ति की तिथि 14.04.2023 है। उक्त पथ DLP में है।

   निरीक्षण के दौरान पथ में किए गए BT work एवं PQC work अच्छी स्थिति में पाया गया। पथ के 19वे कि0 मी0 में Go slow का साईन बोर्ड झुका हुआ पाया

Scanned with OKEN Scanner

गया एवं 16वें कि० मी० में स्लैब कल्भर्ट के पारापेट Damage पाया गया, जिसे शीघ्र ठीक कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

3. **बलरामपुर तेलता भाया महिशाल पथ:–** उक्त पथ की लंबाई 14.31 कि० मी०, पथ की चौड़ाई 3.75 मी० है। इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 5112(एस), दिनांक– 01.09.2020 द्वारा रू० 4339.20 लाख मात्र के लिए प्रदान की गई है। एकरारनामा की राशि 4158.46 लाख मात्र है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 28.06.2021 एवं समाप्ति की तिथि 27.04.2023 निर्धारित है। उक्त पथ DLP में है।

निरीक्षण के दौरान पथ की स्थिति अच्छी पाई गई। पथ के 8वें कि० मी० में साईन बोर्ड झुका हुआ पाया गया, जिसे शीघ्र ठीक कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

ह० / –
अधीक्षण अभियंता
प० नि० वि०, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– दिनांक–
प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कटिहार को सुचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह० / –
अधीक्षण अभियंता
प० नि० वि०, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 668 दिनांक– 29/07/2024
प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग / मुख्य अभियंता, पथ संधारण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

29.7.24
अधीक्षण अभियंता
प० नि० वि०, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

29/07/24

Scanned with OKEN Scanner